
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-142 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) सोमवार 04 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# यूपी में इस साल डेढ़ लाख से ज्यादा भर्तियां, सीएम योगी का ऐलान, जानें किस विभाग में कितनी वैकेंसी?



## भर्ती घोटाला रोकने के लिए सख्त कानून- योगी

योगी आदित्यनाथ ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की धांधली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने नकल और भर्ती घोटालों पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके तहत यदि कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी और उसकी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। सीएम योगी ने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार आम बात थी।

## 'चाचा-भतीजा' की जोड़ी वसूली में लगी रहती थी- योगी

उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय भर्ती बोर्ड के चेयरमैन एक ओर बैठे रहते थे, जबकि 'चाचा-भतीजा' जैसी जोड़ियां वसूली में लगी रहती थीं। जब मामला उजागर होता था, तो चेयरमैन को ही जिम्मेदार ठहराया जाता था। वर्तमान सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया है, जिससे युवाओं का भरोसा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने नवचयनित कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनसे ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई।

**( प्रधान सम्पादक की कलम से )**

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रदेश में बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरियों की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य में डेढ़ लाख से अधिक भर्तियों की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यह बयान उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में नवचयनित कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न भर्ती एजेंसियों को स्पष्ट लक्ष्य दिए गए हैं।

### कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी है

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इस साल लगभग 32 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगा, जबकि लोक सेवा आयोग के माध्यम से करीब 15 हजार नियुक्तियां की जाएंगी। इसके अलावा पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और होमगार्ड के पदों के लिए परीक्षा पहले ही कराई जा चुकी है, जिसमें करीब 45 हजार पद शामिल हैं। साथ ही 45 हजार अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

### किस विभाग में कितनी वैकेंसी?

यूपी पुलिस में 32,679 पदों पर 31 दिसंबर 2025 को भर्ती का ऐलान हुआ। मेल कैंडिडेट्स के लिए सिविल पुलिस में 10,469 और पीएसी में 15,131 पद हैं। महिला पीएसी के लिए अलग से 1341 पद हैं। जेल वॉर्डन के कुल 3385 पद हैं, इसमें 106 पद महिलाओं के लिए हैं। एप्लीकेशन फॉर्म 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक भरा गया। 8, 9 और 10 जून 2026 को लिखित परीक्षा होगी।

### एएसओ-एआरओ के पदों पर भर्ती

यूपी में इस वक्त लेखपाल के 7994 पदों पर भर्ती चल रही है। इस भर्ती के लिए 28 जनवरी तक फॉर्म भरा गया। 21 मई को परीक्षा होगी। यूपीएसएसएससी ने असिस्टेंट स्टैटिस्टिकल ऑफिसर (एएसओ) और असिस्टेंट रिसर्च ऑफिसर (एआरओ) के लिए आवेदन मांगे हैं। इनमें 929 पदों में एएसओ के 916 पद हैं, एआरओ के 13 पद हैं। नोटिफिकेशन 21 अप्रैल को जारी हुआ। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 11 मई है। यूपीएसएसएससी ने 2285 पदों पर भर्ती का ऐलान किया है। इनमें 548 पद असिस्टेंट ट्रेजरी अकाउंटेंट के लिए है। ऑडिटर के 419 पद, अमीन के 323 पद, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के 238 पद और क्लर्क के 229 पदों पर भर्ती होनी है।

# शादी का झांसा दिया, जबरन बनाए संबंध...', आईपीएस किशन सहाय पर महिला ने लगाए आरोप

*( यंग भारत न्यूज )*

*आईपीएस अधिकारी किशन सहाय मीणा पर एक महिला ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके खिलाफ कार्मिक विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। कार्मिक विभाग ने उन्हें, इंस्पेक्टर जनरल, मानवाधिकार के पद से हटा दिया है। अगले आदेश तक, उनके पास कोई विभाग नहीं होगा। यह कार्रवाई तब की जाती है, जब किसी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगते हैं और सरकार चाहती है कि वह जांच को प्रभावित न कर सके।*

*आईपीएस किशन सहाय पर जयपुर के मालवीय नगर थाने में यह मुकदमा दर्ज हुआ है। एक 53 साल की महिला ने अधिकारी पर यौन शोषण, रेप, मारपीट और धमकी देने के संगीन आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि किशन सहाय ने शादी का झांसा देकर, उसके साथ जबरन यौन संबंध बनाए, सरकारी आवास पर जबरदस्ती की। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई है।*

### आईपीएस अधिकारी पर आरोप क्या हैं?

*आईपीएस अधिकारी पर आरोप है कि महिला को आवास पर ही मारा-पीटा गया। उसके साथ जबरदस्ती की गई, उसका फोन छीन लिया गया। महिला पर दबाव बनाया गया कि अगर वह शिकायत करती है तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।*



*महिला ने अपनी तहरीर में कहा है कि अधिकारी, बार-बार वीडियो कॉल करके उसे धमकाते थे, मामला दबाने की बात कहते रहे।*

### महिला ने शिकायत कैसे दी है?

*महिला ने सुरक्षा वजहों से डाक के जरिए अपनी शिकायत भेजी है। पुलिस ने इसी आधार पर शिकायत दर्ज की है। केस की छानबीन की जा रही है। पीड़िता का बयान दर्ज किया जाए, फिर आईपीएस अधिकारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आईपीएस किशन सहाय मीणा पर पहले भी विवादों में रहे हैं।*

### आईपीएस किशन सहाय ने क्या कहा है?

*आईपीएस किशन सहाय का कहना है कि उन पर लगे आरोप साजिश हैं। जानबूझकर उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। उनका इन आरोपों से कोई लेना देना नहीं है। महिला के आरोप बेहद संगीन हैं।*

### विवादों में रहे हैं आईपीएस किशन सहाय

*आईपीएस किशन सहाय पहले भी विवादों में रहे हैं। उन्हें झारखंड विधानसभा चुनावों में जिम्मेदारी दी गई थी, वह जयपुर वापस लौट आए थे। चुनाव आयोग ने नाराजगी जाहिर की थी और राजस्थान के मुख्य सचिव और डीजीपी ने उन्हें निलंबित किया था। किशन सहाय प्रेमानंद और धीरेंद्र शास्त्री पर अंधविश्वास को बढ़ावा देने के आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा था कि भगवान की कल्पना भ्रामक है, इनमें कोई दम नहीं है।*

## सुर्खियां.............

### छिरिया चौकी के पास सड़क पर अतिक्रमण से बढ़े हादसे, हटाने की उठी मांग

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** जालौन के छिरिया चौकी के पास सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण के चलते आए दिन हादसे होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही में काफी वृद्धि हो गई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

### कथा व्यास ने भागवत कथा के ध्रुव और प्रहलाद की कथा श्रोत्राओं को मंत्रमुग्ध

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** ग्राम माहिया खास स्थित रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित ने ध्रुव और प्रहलाद के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा की मन में विश्वास और भगवान के प्रति श्रद्धा होने पर परमात्मा उसकी हर संभव रक्षा करते हैं।

### जालौन में गुंडागर्दी चरम पर कैफे संचालक की दबंगई, युवक से मारपीट कर छीने रुपये-वीडियो वायरल होने पर खुली सच्चाई

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जालौन में एक कैफे संचालक की दबंगई का मामला सामने आया है, जहां खाने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि कैफे संचालक ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की और उसकी जेब से नकदी भी छीन ली।

**चुनाव में सपा करेगी नया धमाका**

# मुलायम की पोती, अखिलेश की लाडली! बीजेपी के लिए गले की फांस बनेंगी अदिति

## यूपी चुनाव के लिए सपा का सबसे बड़ा 'ब्रह्मास्त्र' तैयार

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रदेश की राजनीति में 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। 'मिश्रित' राजनीति और 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के फॉर्मूले पर सवार समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव अब एक ऐसे मास्टरस्ट्रोक की तैयारी में हैं, जो न केवल युवा मतदाताओं को साधेगा, बल्कि महिला वोट बैंक में भी बड़ी सेंध लगाएगा।

चर्चा है कि अखिलेश अपनी बड़ी बेटी अदिति यादव को सक्रिय राजनीति के मैदान में उतारने का मन बना चुके हैं। हालांकि अधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में अदिति की सक्रियता और उनका 'सॉफ्ट' अंदाज इस बात की गवाही दे रहा है कि 'यादव कुनबे' की तीसरी पीढ़ी अपना दम दिखाने को तैयार है।



**2024 में दिखी झलक: मैनपुरी में 'अदिति' ने संभाला था मोर्चा**

अदिति यादव की राजनीति में सक्रियता की चर्चा हवा-हवाई नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान जब अखिलेश यादव पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी का प्रचार कर रहे थे, तब मैनपुरी के पारिवारिक गढ़ में अपनी मां डिंपल यादव के लिए अदिति यादव ने पूरी कमान संभाल रखी थी। उन्होंने किसी मझे हुए राजनेता की तरह गांवों का दौरा किया, नुक्कड़ सभाएं कीं और सीधे आम लोगों से संवाद किया। अदिति का कैंपेनिंग स्टाइल उनके पिता और दादा (मुलायम सिंह यादव) से काफी अलग रहा। उन्होंने 'सॉफ्ट अप्रोच' अपनाते हुए महिलाओं और बच्चों के साथ सीधा जुड़ाव बनाया। खेतों में काम करने वाली महिलाओं से लेकर स्कूल जाने वाली लड़कियों तक, अदिति ने हर वर्ग को यह एहसास दिलाया कि वह उन्हीं के बीच की हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अखिलेश यादव की एक सोची-समझी रणनीति थी, ताकि अदिति को भविष्य के लिए तैयार किया जा सके।

**पढ़ाकू और मेधावी: 98% अंकों ने बटोरी थीं सुर्खियां**

अदिति यादव केवल राजनीतिक विरासत की वारिस नहीं हैं, बल्कि वे पढ़ाई-लिखाई में भी काफी मेधावी रही हैं। साल 2020 में अदिति ने तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने ट्वेल्थ (12वीं) की परीक्षा में 98% अंक हासिल किए थे। उनकी इस उपलब्धि पर अखिलेश यादव ने खुद ट्वीट कर अपनी खुशी जाहिर की थी। अदिति ने अपनी उच्च शिक्षा विदेश (लंदन) से पूरी की है, जिससे वे आधुनिक दृष्टिकोण और नए विचारों से लैस होकर लौटी हैं। उनकी यह 'एजुकेटेड और मॉडर्न' इमेज यूपी के उन युवाओं को प्रभावित कर सकती है जो राजनीति में पढ़े-लिखे चेहरों को देखना चाहते हैं।

**'सॉफ्ट पावर' और युवा कनेक्ट: बीजेपी की चुनौती बढ़ेगी?**

उत्तर प्रदेश में बीजेपी की 'मजबूत घेराबंदी' के बीच अदिति यादव का चेहरा समाजवादी पार्टी के लिए 'फ्रेश एयर' की तरह काम कर सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अदिति का शांत स्वभाव और उनकी स्पष्ट सोच उन्हें युवाओं के बीच लोकप्रिय बना रही है। वे सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहती हैं और उनकी सादगी लोगों को आकर्षित करती है। विपक्ष अक्सर सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाता है, लेकिन अदिति की एंट्री को सपा 'महिला सशक्तिकरण' और 'युवा नेतृत्व' के तौर पर पेश कर रही है।

## ग्रामीणों की सीएम योगी से मांग की अतिशीघ्र करें स्वयं हस्तक्षेप, वरना योजना में अरबों तो चले गये अब चली जायेगी भाजपा की साखी भी....

# जिले में चरम भ्रष्टाचार का किंग बनकर नग्न नृत्य कर रहा है नामामि गंगे का प्रोजेक्ट मैनेजर गुप्ता

## क्या डीएम, क्या मंत्री, क्या शासन को एक साथ बलायताक़ पर रख कर रिकॉर्ड तोड़ गबन कर चुका है राजस्थानी गुप्ता

- आजाद भारत के इतिहास की सबसे बड़ी योजना के धन को ढो-ढो कर राजस्थान ले गया यह गबनकर्ता
- जनहितैषी और ख़ास तौर पर किसानों की खासम ख़ास का स्वांग करने वाली सत्ताधारी भाजपा नहीं करवा पा रही है अपनी योजनाओं को साकार
- दूसरे प्रदेश के ठेकेदार और राजस्थान के अधिशासी अभियंता ने बैठाल दिया जनपद जालौन में नामामि गंगे योजना का भट्टा


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

**( यंग भारत न्यूज )**

**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन' योजना जमीनी स्तर पर गंभीर सवालों के घेरे में है। 'हर घर नल, हर घर जल' का सपना दिखाकर शुरू की गई इस योजना का लाभ कई गांवों तक आज भी नहीं पहुंच सका है। हालात यह हैं कि जिन गांवों में पानी की टंकियां बनकर तैयार हो चुकी हैं, वहां भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है, जबकि कई जगह पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कों को खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे ग्रामीणों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है—न पानी मिल रहा है और न ही आवागमन के लिए सड़क।

कदौरा ब्लॉक के पंडोरा, मोहरी, सजहरा, उकूरूआ, जगसिया, जमरही, बागी, डाले का पूर्वा, बड़ा गांव, मटारा, पाली, लोहार गांव, नारायण निभाना, सीकरी और पड़री सहित कई ग्राम पंचायतों में स्थिति बेहद चिंताजनक है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम के अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के चलते योजना कागजों में तो पूरी दिखाई जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उन्हें दुरुस्त नहीं किया गया। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बारिश के दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है, जब कच्ची और उखड़ी सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है। सबसे गंभीर मामला कोंच तहसील के ग्राम बिरगुवां बुजुर्ग का सामने आया है। यहां लगभग दो वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज तक उससे जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। गांव के निवासी अनिल चौधरी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि टंकी बनकर तैयार है, पाइपलाइन भी डाली जा चुकी है, लेकिन पानी की एक बूंद भी आज तक ग्रामीणों को नसीब नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार, गांव की करीब 2500 की आबादी में से लगभग 30 प्रतिशत घरों में अभी तक नल कनेक्शन ही नहीं दिए गए हैं। जिन घरों में कनेक्शन दिए भी गए हैं, वहां पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे लोगों का सरकार की इस योजना से भरोसा उठता जा रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में स्थिति और भी खराब हो गई है। सरकारी हैंडपंप भी जवाब देने लगे हैं, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार तो उन्हें कई किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है।

**दर्जनों नही सैकड़ो बार भुक्त भोगी कर चुके हैं कठोर कार्यवाही की मांग मगर योजना के भृष्टम कर्ता धर्ताओ के चेहरों पर शिकन तक नही आई**

**अब चुनाव के मौके पर सरकार से हिसाब करेंगे वर्षों से पीढ़ा झेल रहे ग्रामीण**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब इस संबंध में जल निगम के अधिकारियों से बात की जाती है तो वे 10 साल के एग्रीमेंट का हवाला देकर काम में देरी को जायज ठहराने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर 10 साल तक ही इंतजार करना है तो फिर योजना का क्या औचित्य है। जल निगम के एक अधिकारी आंचल गुप्ता पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह अपने कार्यालय में बैठकर ही काम निपटाते हैं और जमीनी स्तर पर हो रही समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देते। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार हो रहा है और योजना के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें कीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे उनके अंदर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि जल जीवन मिशन जैसी बड़ी योजनाओं की सफलता के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही बेहद जरूरी है। अगर अधिकारियों और ठेकेदारों की मनमानी पर रोक नहीं लगाई गई, तो योजना का उद्देश्य कभी पूरा नहीं हो सकेगा। इस मामले में जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव की पानी की टंकी को शीघ्र चालू कराया जाए और हर घर तक जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही अधूरी पड़ी सड़कों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर चलाई जा रही इस योजना का लाभ अगर आम जनता तक नहीं पहुंचता है, तो यह न केवल संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि ग्रामीणों के साथ अन्याय भी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाता है और कब तक ग्रामीणों को इस समस्या से राहत मिलती है। फिलहाल जालौन के इन गांवों में 'हर घर जल' का सपना अधूरा है और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

- 5 साल का समय बीत जाने के बाबजूद आधा काम भी नही हो पाया इस अभागी नामामि गंगे योजना का
- भाजपा के राज किसानों के भाग्य में केवल टूटी पाइप लाइन और गड्ढों से भरी हुई सड़के
- सत्ताधारी विधायक और अन्य पदाधिकारीयो को नही है ग्रामीणों के दर्द की चिंता जबकि दरवाजे के हर गड्ढा करता है ग्रामीणों के दिल मे जख्म
- वृद्धों, बच्चों तथा प्रसूताओं को अस्पताल के जाने में खुदी पड़ी सड़के दिखला देती हैं परिजनों को यमलोक का दरवाजा

# श्रम विभाग की खाऊ कमाऊ नीति के चलते नाबालिग बच्चे बेंच रहे हैं अमरूद

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** पढने लिखने की उम्र बाले बच्चे द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर अमरुद बेचे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वह बच्चा अपनी मजबूरी बता कर घर का खर्चा चलाये जाने की मजबूरी बता रहा था। सरकार की महत्व पूर्ण योजनाओ का लगातार क्रियान्वयन कर उसका लाभ जनता तक पहुचाये जाने मे लगी हुई है लेकिन जालौन मे जो बाल श्रम विभाग आंख बंद कर कुंभकर्णी नींद मे सोया हुआ है, नगर मे ऐसे न जाने कितने मामले होगो जो दुकानो पर बाल श्रम करते मे जायेगे। रविवार को देव नगर चौराहे के पास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक एक नाबालिग बालक अमरूद बेच रहा है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कि उक्त बालक अपना



नाम अनीस पुत्र अजमत, निवासी ग्राम पंचायत भिटारा बता रहा है, जो अपनी आर्थिक मजबूरियों के चलते रोजगार करने को विवश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुलेआम नाबालिग बच्चों से काम कराना बाल श्रम कानून का उल्लंघन है। ऐसे बच्चो को चिन्हित कर उनके एडमीशन कराये जाने की स्थानीय प्रशासन को जरुरत है ।साथ ही लोगों ने यह भी मांग की है कि ऐसे गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। नगरवासियों ने श्रमविभाग से समय समय पर नगर मे भ्रमण कर ऐसे नाबालिग बच्चों को चिन्हित करे तथा शिक्षा और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

# जालौन में गुंडागर्दी चरम पर

## कैफे संचालक की दबंगई, युवक से मारपीट कर छीने रुपये – वीडियो वायरल होने पर खुली सच्चाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जालौन में एक कैफे संचालक की दबंगई का मामला सामने आया है, जहां खाने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि कैफे संचालक ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की और उसकी जेब से नकदी भी छीन ली। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुहल्ला नया खण्डेराव निवासी अनिल गुप्ता का पुत्र प्रांजल गुप्ता, जो दिल्ली में रहकर एसएससी की तैयारी कर रहा है, अपने चाचा के एक्सीडेंट की सूचना पर 29 अप्रैल को जालौन आया था। अगले दिन 30 अप्रैल को वह कस्बे के एक कैफे टाउन पर खाना खाने गया था। आरोप है कि खाना खराब होने की शिकायत करने पर कैफे संचालक पुनीत मुगदल व उसके साथियों ने युवक के साथ गाली–गलौज करते हुए लात–घूसों से मारपीट कर दी। पीड़ित के अनुसार मारपीट के दौरान उसके कपड़े फट गए और जेब में रखे 400 रुपये भी छीन लिए गए। घटना के समय पीड़ित का पिता बाहर था, लौटने पर बेटे ने पूरी जानकारी दी। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि कैफे संचालक ने खुद को बचाने के लिए पुलिस को झूठी सूचना दी। बताया जा रहा है कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सच्चाई सामने आई, जिससे कैफे संचालक की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित के पिता ने कोतवाली जालौन में तहरीर देकर आरोपी कैफे संचालक पुनीत मुगदल व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रिटायर्ड हेड मास्टर की मौत पर हंगामा

**झांसी ।** जनपद के एक प्राइवेट अस्पताल में रिटायर्ड हेड मास्टर की मौत पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। हार्ट की नस में ब्लॉकेज होने पर स्टंट डाला गया था। बेटे का आरोप है कि स्टंड डालते समय डॉक्टर ने लापरवाही बरती है। इसलिए शव का पोस्टमार्टम करा रहे हैं। हम लोग निष्पक्ष जांच और कार्रवाई चाहते हैं। पूरा मामला नवाबाद थाना क्षेत्र का है। मृतक का नाम भुवन प्रसाद (70) पुत्र कुंदीलाल था। वह टीकमगढ़ के बछौड़ा गांव के रहने वाले थे। मृतक के बेटे डॉ. आनंद ने बताया– मेरे पिता भुवन रिटायर्ड हेड मास्टर थे। रविवार को अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। तब टीकमगढ़ ले गए। वहां पता चला कि हार्ट की नसों में ब्लॉकेज है। डॉक्टर ने झांसी में मेडिकल बाइपास पर स्थित एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने एक नस 90 प्रतिशत ब्लॉकेज बताई और स्टंट डालने के लिए कहा। हम लोग भी राजी हो गए। पिता चलकर ऑपरेशन थियेटर में गए। स्टंट डालने के बाद पिता की हालत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।

# ओलावृष्टि से तबाह फसलें, ऊमरी नगर पंचायत अध्यक्ष ने उठाई मुआवज़े की मांग

## एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर पदयात्रा का ऐलान, प्रशासन पर बढ़ा दबाव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय( जालौन )।** जालौन जिले के माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और तेज़ हवाओं ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस आपदा के बाद किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। नगर पंचायत उमरी के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह बब्बू भदौरिया ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर प्रभावित किसानों को तत्काल राहत देने की मांग की है।

**कई गांवों में 80 से 100 प्रतिशत तक नुकसान**

पत्र के अनुसार 4 और 5 अप्रैल 2026 को आए खराब मौसम के चलते रामपुरा, माधौगढ़, कुठौंद, नदीगांव और कोंच क्षेत्रों के कई गांवों में खड़ी और कटी हुई फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई स्थानों पर 80 से 100 प्रतिशत तक नुकसान होने का दावा किया गया है, जिससे किसानों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रशासन द्वारा नुकसान के आकलन के लिए सर्वे कराने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक किसानों को कोई मुआवज़ा नहीं मिला है। इससे किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

प्रभावित किसानों के हित में निम्नलिखित मांगें रखी गई हैं:

प्राकृतिक आपदा के आधार पर उचित मुआवज़ा दिया जाए

आपदा अवधि के कृषि ऋण माफ किए जाएं

खरीफ बुवाई के लिए खाद और बीज मुफ्त उपलब्ध कराए जाएं

प्रभावित किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं

ग्राम डिकोली (माधौगढ़) स्थित बंद शुगर/गन्ना मिल को दोबारा शुरू किया जाए!

पत्र में प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करते हुए पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा रामपुरा विकास खंड के जगम्मनपुर स्थित कर्णखेरा मंदिर से शुरू होकर रामपुरा, माधौगढ़ होते हुए उरई स्थित जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचेगी, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

प्रशासन की चुप्पी से बढ़ी किसानों की चिंता इस पूरे मामले पर अभी तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे किसानों की चिंता और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

# जालौन में प्रशासनिक फेरबदल : डीएम ने किया उप जिलाधिकारियों का फेरबदल

**-राकेश सोनी की जगह उपजिलाधिकारी माधोगढ़ बने विनय कुमार मौर्य**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ।** जनहित कार्यों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने की दिशा में राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में उप जिलाधिकारी (न्यायिक), उरई के पद पर तैनात विनय कुमार मौर्य को अब उप जिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट, माधौगढ़ के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, माधौगढ़ में कार्यरत राकेश कुमार सोनी को स्थानांतरित कर उप जिलाधिकारी (न्यायिक), उरई के पद पर



नियुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह फेरबदल प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने, पारदर्शिता बढ़ाने और विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने नवीन पदभार को तत्काल ग्रहण करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें और आम जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही, उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, राजस्व कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा करने पर विशेष जोर दिया। यह प्रशासनिक बदलाव जिले में बेहतर शासन व्यवस्था और त्वरित समस्या समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बेटी को जन्म देकर मां की मौत

## -14 महीने पहले हुई थी शादी, भाई बोला- ठीक से इलाज नहीं कराया गया

**झांसी ।** जनपद में बेटी को जन्म देने के 25 दिन बाद महिला की मौत हो गई। घर पर महिला तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के भाई ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

भाई का कहना है कि घर पर ही डिलेवरी हो गई। तब दिखाने के लिए अस्पताल नहीं ले गए। इससे हालत बिगड़ गई। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला कटेरा थाना क्षेत्र के नागाइच गांव का है। जालौन के भरसूड़ा गांव निवासी कृष्णकांत यादव ने बताया– मेरी बहन प्रियंका (27) की शादी 20 फरवरी 2025 को कटेरा के नागाइच गांव निवासी राजसिंह से हुई थी। राजसिंह प्राइवेट काम करते हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही बहन को टॉर्चर किया जा रहा था। तब हम लोगों ने समझाया था। अब बहन प्रेग्नेंट थी। 8 अप्रैल को घर पर डिलेवरी हो गई। बहन ने साढ़े 7 महीने की बेटी को जन्म दिया। डिलेवरी के लिए न डॉक्टर को बुलाया और न ही दिखाने ले गए। इसके बाद तबीयत बिगड़ गई। 30 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। जहां आज बहन की मौत हो गई। आरोप है कि ठीक से इलाज न कराने



पर बहन की मौत हुई है। मेडिकल चौकी इंचार्ज मोहित राणा ने बताया कि ससुराल वाले बीमारी से प्रियंका की मौत होने की बात कह रहे हैं, जबकि मायके वाले आरोप लगा रहे हैं। मजिस्ट्रेट ने पंचनामा भरा है। अब शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। आगे की जांच कटेरा पुलिस करेगी।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में निकाला गया केण्डिल मार्च

**ललितपुर ।** शनिवार शाम को विद्युत स्मार्ट मीटर के विरोध में बुविसे के कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ एक केण्डिल मार्च निकाला। यह केण्डिल मार्च कंपनी बाग से शुरू होकर शहर की मुख्य सड़कों पर निकाला गया। इस दौरान ललितपुर शहर में बिजली विभाग द्वारा लगाये गये स्मार्ट प्रीपेड मीटर द्वारा उपभोक्ताओं की जेबों पर डाका डालने तथा रिचार्ज करवाने के बावजूद ज्यादा बिल आने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया । इस मौके पर विद्युत विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई। केण्डिल मार्च निकालने के उपरांत एक आमसभा भी आयोजित की गई।

बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रदेश सरकार की साख को बट्टा लगा रहे हैं। इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है। उक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर कई गुना तेजी से भागते है जिस कारण जनता की जेबों पर भारी बोझ पड़ रहा है ।

# छिरिया चौकी के पास सड़क पर अतिक्रमण से बढ़े हादसे, हटाने की उठी मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** जालौन के छिरिया चौकी के पास सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण के चलते आए दिन हादसे होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे के निर्माण के बाद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही में काफी वृद्धि हो गई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

इसी समस्या को लेकर अधिवक्ता भगवानदास तिवारी ने उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर सड़क से अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क के किनारे अवैध रूप से किए गए कब्जों के कारण मार्ग संकरा हो गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में होने वाले हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# कथा व्यास ने भागवत कथा के ध्रुव और प्रहलाद की कथा श्रोत्राओं को मंत्रमुग्ध

( यंग भारत न्यूज )

जालौन–उरई । ग्राम माहिया खास स्थित रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित ने ध्रुव और प्रहलाद के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा की मन में विश्वास और भगवान के प्रति श्रद्धा होने पर परमात्मा उसकी हर संभव रक्षा करते हैं, जैसे ध्रुव ने सबसे कम आयु 8 वर्ष में भगवान की प्राप्ति कर ली,लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सिर्फ दृढ निश्चय होकर उस ओर लगन से काम करते रहने की जरुरत, जैसे ध्रुव ने किया ।प्रहलाद का चरित्र सुनते हुए उन्होंने कहा कि प्रहलाद के पिता हिरणाकश्यप द्वारा प्रहलाद को नाना प्रकार के कष्ट दिए गए लेकिन भगवान की प्रति सच्ची श्रद्धा और विश्वास के चलते उन्होंने अपना लक्ष्य नही छोडा और भगवान नारायण का जाप किया जिसके तहत ईश्वर ने उनकी हर मोड पर सहायता की ।उनके पिता ने जहर दिया हाथी से कुचलवाया, आग से जलवाया यहां तक की नदी में फिकवाया लेकिन हर जगह भगवान नारायण ने उनकी रक्षा की ।अंत में अपने भक्तों की रक्षा के लिए उन्होंने नरसिंह रूप धारण भी किया और हिरणाकश्यप का वध किया ।यह कथा हमें यह सिखाती है कि ईश्वर अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं हमे अपना लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता, सच्चे भक्तो को कभी निराश नहीं करते। इस मौके पर पारीक्षित आशा मन्ना सिंह सेंगर, मलखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, राजरानी , प्रेम कुंवर ,राधा,छाया,दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, करुणा सिंह, मंजू, अनीता, छवि, नीलम, सोनम आदि एक सैकडा से अधिक भक्तो ने कथा श्रवण की।

# समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव का झाँसी में भव्य स्वागत

**झाँसी ।** समाजवादी मजदूर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए आसिफ नियाजी एवं अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त हुए अजीम भाई का झाँसी आगमन पर पार्टी कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत व सम्मान किया। दोनों नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर झाँसी में कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटीं।

कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में मजदूरों और अल्पसंख्यकों की आवाज और मजबूत होगी। नेताओं ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा तथा मजदूरों के हक की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। स्वागत समारोह के



दौरान महानगर अध्यक्ष मिर्जा करामात बेग, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष सलीम खानजादा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आरिफ खान ने किया, जबकि आभार अधिवक्ता एजाज खान ने व्यक्त किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और पूरे माहौल में जोश व उत्साह देखने को मिला।

# जालौन नगर में आंगनवाड़ी केंद्र न होने से महिलाओं में रोष, सभासदों ने उठाई मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** नगर क्षेत्र जालौन में आंगनवाड़ी केंद्र के अभाव को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गंभीर चिंता जताई है। इस संबंध में सभासदों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर नगर में शीघ्र आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित कराए जाने की मांग की है।

दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि नगर क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्र न होने के कारण महिलाओं और बच्चों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली पोषक आहार सामग्री एवं अन्य लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। इससे नगरीय क्षेत्र की महिलाओं में रोष व्याप्त है और उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। सभासदों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए उपजिलाधिकारी से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नगर जालौन में आंगनवाड़ी केंद्र खोले जाएं, ताकि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस मौके पर अन्नू शर्मा, शैलेन्द्र दोहरे, रमाकान्त प्रजापति सहित समस्त सभासदगण, दिलीप कुमार, शीला देवी और इकरार राईन उपस्थित रहे।

# चंद दिनों के अंदर अलग-अलग स्थानों पर मरे तीन संदिग्ध

## जिले में ताबड़ तोड़ रहस्यम मौतों से सिहर उठे जनपदवासी

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** महज कुछ दिनों के भीतर तीन अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं ने न केवल आम जनता को हिला कर रख दिया है, बल्कि पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर घटना अपने आप में रहस्य से भरी है और तीनों मामलों में अब तक कोई ठोस निष्कर्ष सामने न आना चिंता का विषय बन गया है।

सबसे पहली घटना उरई कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल के वार्ड बॉय राघवेंद्र शर्मा (40) का शव सीडीओ आवास के पास नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। राघवेंद्र 29 अप्रैल से लापता हो गया था जिसके परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए थे। गुमशुदगी की सूचना भी पुलिस को दी गई थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। जब शव बरामद हुआ तो परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिवार ने इसे सीधा-सीधा हत्या का मामला बताते हुए आरोप लगाया कि राघवेंद्र को साजिश के तहत मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।लेकिन अब तक हत्या या दुर्घटना—किसी भी एंगल से स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। तो वहीं दूसरी घटना ने पूरे प्रशासनिक महकमे को झकझोर दिया। विकास भवन में तैनात नाजिर हरिसिंह राठौर ने अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना न केवल उनके परिवार बल्कि सहकर्मियों के लिए भी किसी सदमे से कम नहीं है। सवाल उठ रहा है कि आखिर एक सरकारी कर्मचारी को ऐसा कदम उठाने के लिए किन परिस्थितियों ने मजबूर होना पड़ा ? क्या इसके पीछे कोई व्यक्तिगत तनाव, कार्य का दबाव या कोई अन्य कारण है? फिलहाल इन सवालों के जवाब जांच में तलाशे जा रहे हैं, लेकिन स्पष्टता का अभाव इस मामले को और संदिग्ध बना रहा है। तीसरी घटना कुठौंद थाना क्षेत्र की है, जहां नहर कोठरी के पास बंबी में एक शव मिलने से हड़कंप मच गया। शुरुआत में इसे अज्ञात और 10-12 दिन पुराना शव बताया गया, लेकिन बाद में पुलिस ने उसकी पहचान देव सिंह (75) निवासी टिकरी मुस्तकिल, थाना सिरसाकलार के रूप में की। परिजनों के अनुसार वह चार दिन से लापता था और शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट बुलाकर साक्ष्य जुटाए और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि मौत के कारणों को लेकर अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इन तीनों घटनाओं ने पूरे जिले में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि क्षेत्र में पुलिस की गश्त, निगरानी और खुफिया तंत्र कहीं न कहीं कमजोर पड़ रहा है। हर बार घटना के बाद जांच शुरू होने की बात कही जाती है, लेकिन नतीजे सामने आने में देरी लोगों के भरोसे को कमजोर कर रही है।सबसे बड़ा सवाल अब यही है कि क्या इन तीनों मामलों की सच्चाई सामने आ पाएगी? क्या दोषियों तक पुलिस पहुंच पाएगी या फिर ये घटनाएं भी फाइलों में दबकर रह जाएंगी? फिलहाल जनता की नजरें पुलिस की कार्रवाई और आने वाली पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं, जो इन रहस्यमयी मौतों के पीछे की सच्चाई उजागर कर सकती हैं।

# सरकार की अमृत योजना के दिन को गटक गए भृष्ट अधिकारी, पानी को तरस रहे हैं क्षेत्र वासी

- अम्रत योजना के चक्कर मे तोड़ दी पेयजल की पुरानी पाइप लाइन
- वार्ड- 8 में ठेकेदार की लापरवाही से भीषण गर्मी में पेयजल जलसंकट
- जल निगम के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं, डीएम से कार्रवाई की मांग



(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत योजना 2.0 के तहत 24म7 पेयजल आपूर्ति का सपना उरई के नया राम नगर में लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। आरोप है कि योजना का क्रियान्वयन कर रही कार्यदायी संस्था 'निर्माण खंड, उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय, उरई' के ठेकेदारों द्वारा दिन और रात्रि में बेहद गैर-जिम्मेदाराना तरीके से सड़क खुदाई की जा रही है, जिससे मोहल्ले के लोगों की घरेलू पेयजल पाइपलाइनें तोड़ दी गई हैं। अमृत योजना 2.0 के तहत नया राम नगर में नई पेयजल लाइन डालने का काम चल रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार के मजदूर बिना किसी नक्शे और सावधानी के जेसीबी से खुदाई कर रहे हैं। इस दौरान दर्जनों घरों की पुरानी पेयजल कनेक्शन की पाइपलाइनें तोड़ दी गई। मरम्मत तो दूर, ठेकेदार के लोग टूटी पाइपों को खुला छोड़कर आगे बढ़ रहे हैं। इस 45 डिग्री तापमान में जब पूरे शहर में पानी की मांग चरम पर है, तब नया राम नगर के सैकड़ों परिवार बूंद-बूंद पानी को मोहताज हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया, 'दो दिन से घर में नल से पानी नहीं आ रहा। टैंकर भी नहीं आ रहा। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए पड़ोसियों से पानी मांगना पड़ रहा है। नाराज मोहल्लेवासियों का आरोप है कि शिकायत करने पर जल निगम के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड उरई कार्यालय का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं है। लोगों ने बताया कि जेई से बात करो तो कहता है कि संजय सिँह यादव ठेकेदार से बात करो और एई के नंबर या तो बंद रहता या वो फोन रिसीव नहीं करते। ठेकेदार से बात करो तो वो 'ऊपर से आदेश है' कहकर टाल देता है। अमृत योजना की गाइडलाइन के अनुसार, खुदाई से पहले हर घर का सर्वे कर पुरानी लाइनों को चिह्नित करना और नई लाइन डालने के तुरंत बाद सड़क रेस्टोरेशन व टूटी पाइप जोड़ना ठेकेदार की जिम्मेदारी है। आरोप है कि नया राम नगर में एक भी नियम का पालन नहीं हो रहा। न साइन बोर्ड, न बैरिकेडिंग, न ही मलबा हटाने की व्यवस्था। जगह-जगह खुले गड्ढों से हादसे का खतरा भी बना हुआ है। जल निगम के अनुबंध शर्तों के अनुसार, लापरवाही से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और तय समय में रेस्टोरेशन न करने पर ठेकेदार पर प्रतिदिन के हिसाब से पेनल्टी और ब्लैकलिस्ट करने का प्रावधान है। सवाल यही है कि अधिशासी अभियंता निर्माण खंड द्वारा ठेकेदार पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

जनता की मांग :आक्रोशित लोगों ने जिलाधिकारी जालौन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराकर दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए और उसकी पेनल्टी से लोगों की टूटी पाइप लाइनें तुरंत जुड़वाई जाएं। साथ ही लापरवाह अधिशासी अभियंता और जेई के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर 2 दिन में पानी बहाल नहीं हुआ तो वे जल निगम कार्यालय का घेराव करेंगे।

# लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने गणेश दत्त गिरी को बनाया मुख्य प्रवक्ता

(यंग भारत न्यूज)



**उरई,जालौन।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)ने संगठन विस्तार के तहत जनपद के गणेश दत्त गिरी को उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड) का मुख्य प्रवक्ता मनोनीत किया है। साथ ही उन्हें चुनाव पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

- बुंदेलखंड के 'चाणक्य काहे जाने वाले' के रूप में पहचाने जाते है,
- बुंदेलखंड के चुनाव पर्यवेक्षक की भी मिली जिम्मेदारी

पार्टी की ओर से जारी मनोनयन पत्र के अनुसार यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मणि तिवारी के निर्देश पर की गई है। पत्र में उम्मीद जताई गई है कि गणेश दत्त गिरी, जिन्हें बुंदेलखंड की राजनीति में 'चाणक्य नीति' के रूप में भी जाना जाता है, पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वे राम विलास पासवान द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों एवं पार्टी के प्रयासों को व्यापक स्तर पर प्रचारित करेंगे, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। पार्टी के प्रमुख प्रधान महासचिव रमेश भूषण ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि गणेश दत्त गिरी उरई निवासी हैं और लंबे समय से संगठन से जुड़े रहते हुए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# नीट (यूजी) परीक्षा में कड़ी निगरानी, डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

## - नकलविहीन, पारदर्शी व शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** जनपद में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 को निष्पक्ष, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय, दयानंद वैदिक कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक केंद्र पर पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित गतिविधि को बिल्कुल भी बर्दाश्त न किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसके लिए सभी नामित मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, साथ ही परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित रहे तथा प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग की जाए।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए परीक्षा की गरिमा बनाए रखें। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी, जो लगातार निगरानी बनाए हुए थे। परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय रहा।

# जिले में फिर हुआ गांजा बरामद

(यंग भारत न्यूज)



- नहर कोठी के पास युवक से 2.48 किलो गांजा बरामद, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- जनपद जालौन को गांजे की मंडी बनाना चाहते हैं नशे की तस्कर

**उरई (जालौन)।** जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रेंढ़र पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 488 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अम्बुज सिंह के पर्यवेक्षण में चल रही कार्रवाई के क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक दिनेश कुमार अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था ड्यूटी पर थे। इसी दौरान ग्राम कुदारी क्षेत्र स्थित नहर कोठी के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान अनुपम गुप्ता उर्फ भोलू (26) पुत्र राजेंद्र गुप्ता निवासी ग्राम सिमहरा कासिमपुर, थाना सिरसाकलार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार के साथ कांस्टेबल अरुण सिंह व महेंद्र यादव, असद खान शामिल रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के शहीद भगतसिंह चौराहा पर आज रविवार को प्रदर्शन विरोध किया बाद में प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेंट किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चौरसिया, भूपसिंह राजपूत प्रदेश सचिव, प्रखर बाजपेई, रामानंद श्रीवास, प्रमोद, प्रवीण रायकवार, धीरेन्द्र चौधरी, गौरव चौधरी, आर्दश कुमार सहित आदि संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से आम जनता और किसानों का शोषण किया जा रहा है।आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चौरसिया ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार की स्मार्ट मीटर की योजना जनविरोधी है और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से मनमाना बिल वसूल किया जा रहा है।

# दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत पर गांव में शोक जताने वालों का लगा तांता

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत छौक के रहने वाले दो सगे भाइयों की भीषण सड़क दुर्घटना में मौत को लेकर गांव में दूसरे दिन भी शोक छाया हुआ है। शोक व्यक्त करने वाले लोगों का रविवार को घर में तांता लगा हुआ है।विदित हो कि उक्त गांव निवासी संतराम अहिरवार के दो पुत्रों कमल कान्त( उम्र 24) दीपक कुमार( उम्र 22 वर्ष) का कानपुर पनकी के पास ट्रक से भीषण एक्सीडेंट हो गया था। इस दुर्घटना में दोनो सगे भाईयो की दर्दनाक मौत हो गई। दो सगे भाइयों के निधन की खबर सुनकर पूरे गांव शोक ब्याप्त है। सूचना मिलते ही बसपा जिलाध्यक्ष अतर सिंह पाल, जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर इटोरा, जगजीवन अहिरवार पूर्व चैयरमैन प्रतिनिध कालपी, सैक्टर अध्यक्ष राजू अहिरवार, सैक्टर अध्यक्ष कालपी राजकुमार अहिरवार, सैक्टर अध्यक्ष हरचनदपुर सुनील कुमार अहिरवार, अरविन्द पाल, आदि लोग सामिल हुए। और शोकाकुल परिवार मिलकर ढांढस बधाया। रविवार को भी तमाम लोग शोक व्यक्त करने गांव में पहुंचे। दो जवान बेटों की मौत को लेकर पीड़ित परिवार में शोक में कोहराम मचा हुआ है।

# कोरी समाज ने वीरांगना झलकारी बाई के सम्मान को लेकर दी चेतावनी

## - चौराहा नाम बदलने के विरोध में बैठक, आंदोलन की चेतावनी

(यंग भारत न्यूज)



**उरई,जालौन।** कोंच बस स्टैंड स्थित वीरांगना झलकारी बाई चौराहा का नाम बदलने के प्रयासों को लेकर कोरी समाज में भारी आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर राजेन्द्र नगर स्थित कोरी कुटिया में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के लोगों ने कड़ा विरोध जताया।

बैठक की अध्यक्षता अयोध्या प्रसाद वर्मा ने की, जबकि संचालन डॉ. नरेश वर्मा ने किया। संयोजक प्रमोद वर्मा एडवोकेट पूर्व (डी0जी0सी) ने कहा कि वर्ष 1996 में वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापित होने के बाद से यह चौराहा उनके नाम से ही जाना जाता है, लेकिन अब राजनीतिक लाभ के लिए नाम बदलने की कोशिश की जा रही है। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में कुछ जनप्रतिनिधि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जबकि अन्य मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोरी समाज ने हमेशा एकजुट होकर जनप्रतिनिधियों का समर्थन किया, लेकिन अब समाज अपने महापुरुषों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि वीरांगना झलकारी बाई के इतिहास को मिटाने का प्रयास बंद नहीं हुआ तो कोरी समाज पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा और अपनी ताकत का अहसास कराएगा। इस मौके परबैठक का संचालन डा0 नरेश वर्मा ने किया बैठक में जिला कोरी समाज के महामन्त्री वैजनाथ वर्मा एड0, उपाध्यक्ष विनोद प्लम्बर, कोषाध्यक्ष राजेश आनन्द, पूर्व चेयरमैन उरई मीना वर्मा, श्री मति सुमन वर्मा, मधु अनुरागी,आडीटर गोविन्द विद्रोही, सूचना मन्त्री रमेश चन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र वर्मा, रामकिशोर वर्मा एड0 संगठन मन्त्री प्रेमनरायण,रामशंकर वर्मा एड0, ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष रवि वर्मा, राजेश खन्ना, फूल सिंह वर्मा, लल्लू वर्मा, लच्छी घड़ी साज, मनोज वर्मा वेस्टर्न टेलर्स, राघवेन्द्र वर्मा सुरेन्द्र वर्मा, भोले वर्मा, बी0डी0सी0 रामकुमार वर्मा (मुस्कान) रवि वर्मा दिरावटी, निर्मल वर्मा, उप मन्त्री परमलाल वर्मा, अनिल मास्टर, कैलाश नारायण, राजबहादुर, दयाशंकर, प्रेम आजाद, जीतू वर्मा, जे0पी0 वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, लाखन बैरागी, जानकी शरण, जितेन्द्र वर्मा, घनश्याम सिंह, डा0 मुरलीधर आर्या, अयोध्याप्रसाद, गौरव वर्मा, धमेन्द्र प्रधान, बाबू सिंह, छक्कीलाल,आशीष राज वर्मा,सुशील कुमार, अनिल वर्मा, राजकुमार पूर्व प्रधान, गजेन्द्र वर्मा एड0, डा0 दुर्गाचरन सुरेश वर्मा, अतुल वर्मा, सचेन्द्र वर्मा, अजय वर्मा, सुनील वर्मा जालौन, डा0 हरी सिंह, रामप्रताप मुन्ना, अमन वर्मा, परमानन्द जालौन, मनीराम वर्मा मंगोली पिण्डारी, मनोज वर्मा गांधीनगर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर मेधावियों का सम्मान, छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

(यंग भारत न्यूज)



**माधौगढ़, जालौन।** महात्मा कामता शरण इंटर कॉलेज, खितौली (सरावन) में रविवार को त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद नारायण दास अहिरवार रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व मंत्री चैनसुख भारती, राम बहादुर सिंह यादव, पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा व केपी सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिक्खू महाबोधि भंते ने की।

समारोह में हाईस्कूल की टॉप छात्राओं व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। गौरी, शिवानी, महक, महशर, कशिश, सानिया, पल्लवी, अंशिका, आयुषी व अंकित को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा और खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवराम सिंह ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक शिवराम कुशवाहा, प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह, स्वागतकर्ता रणधीर सिंह उर्फ़ मनोज सिंह सहित शिक्षक व अभिभावक मौजूद

# भीषण गर्मी के चलते जनपद में सूखने लगे तालाब

## निराश्रित गौवंश, जंगली जानवर और पक्षियों पर मंडराया जल संकट

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। जालौन जनपद इस समय भीषण गर्मी और जल संकट की मार झेल रहा है। लगातार बढ़ते तापमान और वर्षा के अभाव के चलते जिले के अधिकतर तालाब, पोखर एवं पारंपरिक जलस्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं। इसका सीधा असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले निराश्रित गौवंश, जंगली जानवरों और पक्षियों पर दिखाई देने लगा है, जो पेयजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों से यह भी चिंताजनक जानकारी सामने आई है कि पानी की तलाश में भटकते हुए कई पशु-पक्षियों की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है और कुछ स्थानों पर उनकी मृत्यु



तक की घटनाएं देखी गई हैं। यह स्थिति न केवल पर्यावरणीय असंतुलन को दर्शाती है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर लापरवाही पर भी सवाल खड़े करती है।

इसी गंभीर समस्या को लेकर कृषि सलाहकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता मानवेन्द्र सिंह सेंगर, ग्राम नसीरपुर (जालौन) ने जिलाधिकारी जालौन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभाव से ठोस कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि यह संकट केवल पशु-पक्षियों का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और पर्यावरणीय संतुलन से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। उन्होंने मांग की है कि जिले में तत्काल जल टैंकर, अस्थायी पानी की टंकियां, सूखे तालाबों में पुन: जलभराव, गौशालाओं में नियमित जल आपूर्ति तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जलपात्र रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।ग्रामीणों का कहना है कि निर्देश तो लगातार जारी होते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। अब लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस संकट पर ठोस कदम उठाएगा या हालात यूं ही बिगड़ते रहेंगे?

# चौकी इंचार्ज संजना के साथ जीआरपी जवानों ने चैकिंग कर 14 लोगों के काटे चालान

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** सहालग के दौर में बढ़ते यात्रियों को मद्देनजर रखते हुये रेलवे पुलिस के द्वारा सतर्कता तेज कर दी गई है। कालपी से होकर गुजरने वाली ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों में जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह की टीम के द्वारा चैकिंग की गई तथा संदिग्ध लोगों की तलाशी अभियान चला कर नियम विरुद्ध कार्य करने वाले 14 दोषियों के चालान काटने की कार्यवाही की गयी।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी बिपुल श्रीवास्तव के निर्देशन में जीआरपी चौकी इंचार्ज महिला सब इंस्पेक्टर संजना सिंह की अगुवाई में पुलिस जवानों हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, सिपाहियों आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, अशोक कुमार के द्वारा माह अप्रैल में निरंतर अभियान चला कर चैकिंग की गई। चौकी इंचार्ज के मुताबिक अप्रैल महीने में एमवी एक्ट के 7 लोगों के चालान काटे गए। जबकि नियम विरुद्ध हरकत करने पर अलग-अलग स्थानों में 7 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया है। एसपी के निर्देश पर 2-3 मई को कालपी के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 01 तथा 02 में एवं वेटिंग हॉल, बुकिंगहाल, टिकट घर, सर्कुलेटिंग एरिया, आउटर आदि स्थानो में तथा आने जाने वाली ट्रेनो में अपराध के रोकथाम एंव पुलिस की सक्रियता एंव यात्रियो के बीच सुरक्षा का मजबूत विश्वास पैदा करने हेतु आपराधिक तत्वों की सघन चेकिंग की गई ।व ट्रेनो में लगे स्कोर्ट कर्मियो की चेकिंग करते हुये रेलवे स्टेशन कालपी में गस्त व भ्रमण किया गया। तथा यात्रियो को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस जवानों ने यात्रियों को चेताया कि किसी भी अनजान या संदिग्ध वस्तु को छूना नही है। तुरन्त जीआरपी व आरपीएफ के जवानों को सूचना देनी है । जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह ने बताया कि जीआरपी के जवानों के द्वारा कालपी रेलवे स्टेशन में ठहराव करने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस आदि ट्रेनों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऊसरगांव,आटा तथा सरसौखी रेलवे स्टेशनों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# डीएम की कड़ी चेतावनी के बाबजूद निजी विद्यालय बेधड़क लूटने में लगे हैं अभिभावकों को

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिले में निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर खुलेआम लूट मचा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि जूनियर कक्षाओं का कोर्स, जो बाजार में कम कीमत पर उपलब्ध है, उसे स्कूल स्वयं 4 से 5 हजार रुपये तक में उपलब्ध करा रहे हैं।

इतना ही नहीं, यूनिफॉर्म के नाम पर भी अभिभावकों से मनमानी वसूली की जा रही है। कई स्कूलों में निर्धारित दुकानों से ही यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे अभिभावकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके साथ ही फीस संरचना को लेकर भी पारदर्शिता का अभाव बताया जा रहा है और मनमाने तरीके से शुल्क वसूला जा रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग इस पूरे मामले में मौन बना हुआ है, जिससे स्कूल प्रबंधन के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो शिक्षा व्यवस्था पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि निजी विद्यालयों की फीस, किताबें और यूनिफॉर्म की बिक्री को लेकर सख्त नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और दोषी संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके।

# उरई के घंटाघर मार्केट में लगी आग, देर रात मची अफरा-तफरी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले घंटाघर मार्केट में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घनी आबादी और सघन बाजार होने के कारण आग ने तेजी से फैलने का खतरा पैदा कर दिया, जिससे दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।




घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को तत्काल बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया और बड़ी अनहोनी को टाल दिया। समय रहते आग बुझाए जाने से आसपास की कई दुकानों को बचा लिया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन कुछ दुकानों में नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का पालन करने और विद्युत व्यवस्था की नियमित जांच कराने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# कुल की रस्म के साथ तीन दिवसीय उर्स ए शाह फजलुल्लाह का हुआ समापन

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** रविवार को दरगाह खानकाह शरीफ कालपी में कुल की रस्म के साथ हजरत उर्स ए शाह फजलुल्लाह का तीन दिवसीय सालाना उर्स का धूमधाम से समापन हो गया। उर्स के अंतिम दिन दरगाह परिसर में कुल की फातिहा एवं लंगर का आयोजन हुआ।

दरगाह परिसर में आयोजित कुल की फातिहा की महफ़िल की अध्यक्षता करते हुये सज्जादा नसीन सैय्यद ग्यासुद्दीन मियां ने कहा कि हुजूर सल्लाह अलैह वसल्लम ने दुनिया में सच्चाई नेकी पर चलने का जो पैगाम दिया है।उसी के अनुरूप सभी लोग दुनिया में काम करें। उन्होंने नमाज पढ़ने पर जोर दिया। इस मौके पर गौस पाक पीराने पीर दस्तगीर , हिन्द उल वली ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी, हजरत मीर मुहम्मद तिरमिजी, हजरत मीर सैयद अहमद,हजरत शाह फजलुल्लाह रहमतुल्लाह आदि वलियों की जीवनी तथा दरगाह के बारे मे जानकारियां देते हुये सुन्नियत पर चलने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हजरत





मीर सैयद शाह फजलुल्लाह अलैहे ने नेकी, रोज़ी ,कारोबार के लिये नसीहत दी है। सज्जादानशीन ने दुनियावी तथा दीनी शिक्षा के बारे में कहा खानकाह मदरसा को यूनीवर्सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। सज्जादानशीन ने शादियों में फिजूलखर्ची पर पाबंदी लगाने तथा शरियत पर चलने के लिये जोर दिया गया। कुल की फातिहा में उपस्थित लोगों ने मुल्क एवं समाज की प्रगति एवं खुशहाली तथा अमन की दुआए मांगी। अकीदतमंदो ने श्रद्धापूर्वक दरगाह मे फूल एवं चादर चढ़ा कर फातिहा पढ़ी। कार्यक्रम मे मौलाना अफजल मियां,मौलाना अशफाक बरकाती, मौलाना शहनवाज अनवर आदि उलेमाओं तथा शायरों के द्वारा इस्लामिक तकरीर तथा नात प्रस्तुत की गई। इससे पहले रात में मशाइख कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे मुफ्ती अहमद रजा खान ने अपनी तकरीर में तमाम दीनी जानकारियां दी। सैयद सिबतैन मियां, सैयद बाबू मियां, तकिया मस्जिद के इमाम हाजी मुजीब अल्लामा, शब्बीर खान, जिया दीवान, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी,रहमान खान आदि मौजूद रहे। उर्स के मौके पर दरगाह परिसर में लंगर वितरण किया गया। भारी संख्या में मौजूद अकीदतमंदो ने लंगर को जमकर चखा।

# नलकूप की मोटर खराब होने से कांशीराम कालौनी में पड़े पेयजल के लाले

## समरसेबल बदलने में जुटा बिभाग

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** नगर के आलमपुर में स्थित कांशीराम कालौनी के नलकूप का मोटर फुक जाने से जलापूर्ति ठप्प हो गई ।मालूम हो कि कांशीराम कालौनी वर्ष 2008 में पड़ी मोटर केबिल 18 वर्ष के बाद खराब हो गई ।टयूबबेल की मोटर फुक जाने के कारण कालौनी के वाशिंदों को पानी की समस्या पैदा हो गई है ।जल संस्थान के अवर अभियंता बासित अली की देखरेख में नलकूप का समरसेविल मोटर बदलने की कार्यवाही शुरू हो गई है।

# कालपी से लापता युवती बरामद, मामला निकला प्रेम प्रसंग का

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।** नगर से लापता हुई युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। प्रारंभिक शिकायत में युवती के पिता ने मोहल्ला राम चबूतरा निवासी एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया था, जिसके आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। शनिवार देर शाम युवती स्वयं कालपी कोतवाली पहुंची और पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपनी मर्जी से युवक के साथ गई थी। युवती के इस बयान के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया और यह प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया। पुलिस ने युवती के बयान दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। फिलहाल सुरक्षा और परामर्श के लिए युवती को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है। पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# स्वदेश के प्रबंधक के पिता ने निधन पर शोकसभा का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** 'शुभी भवन' स्वदेश कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे दैनिक स्वदेश झांसी के प्रबंधक धर्मेंद्र कौरव के पिता भरत कौरव का सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद ग्वालियर के न्यूरोलॉजी अस्पताल में आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा दुख प्रकट किया गया। स्वदेश कार्यालय में शोक सभा कर उपस्थित सभी पत्रकार साथियो ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं दुखी परिवार को धैर्य धारण करने की ईश्वर से प्रार्थना की ।शोक सभा में स्वदेश के तहसील संवाददाता संजय सोनी,अरूण पटेल,पवन अग्रवाल,शुभम तिवारी,सचिन तिवारी,मारूतिनंदन सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।सभी ने कहा कि भगवान इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।

# रिक्त पड़े बार संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नामांकन. आज

## सरनाम यादव के निधन के बाद रिक्त हुआ था पद

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बार संघ कोंच के रिक्त चल रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुनाव की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक आगामी 4 मई दिन सोमवार को नामांकन और 8 मई को मतदान कराया जाएगा। हाल ही में चुने गए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरनाम सिंह यादव के आकस्मिक निधन पर यह पद खाली हो गया था।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बृजेश कुमार मिश्रा ने पत्र लिखकर निर्वाचन अधिकारियों अवधेश कुमार द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, महेंद्र सिंह निरंजन, नरसिंह गहरवार, वीरेंद्र जाटव, रामवीर सिंह गुर्जर को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अविलंब चुनाव कराया जाए। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन कोंच के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा 27 अप्रैल को उन्हें पत्र देकर इस तरह की मांग की गई है कि रिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अविलंब चुनाव कराया जाए। एल्डर्स कमेटी के निर्देश पर निर्वाचन अधिकारियों ने विस्तृत चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है जिसके मुताबिक नामांकन 4 मई को सुबह 11:30 से शाम 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 5 मई को और नामांकन वापसी 6 मई को सुबह 11:30 से शाम 3 बजे तक होगी। मतदान 8 मई को सुबह 10:30 से 3 बजे तक और 4 बजे से मतों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा ।चुनाव अधिकारी पुरूषोत्तम दास रिछारिया ने बताया सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया बार संघ पुस्तकालय में सम्पन्न की जाएगी।

# मुर्गी फार्म हाउस पर कोवरा सांप निकलने से हड़कंप मचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के महेशपुरा रोड स्थित ठाकुर बाबा मंदिर के पास बने एक मुर्गी पालन फार्म हाउस में करीब 6-7 फीट लंबा कोबरा सांप निकलने से मौके पर डर के मारे लोगों में भगदड़ मच गई।



जानकारी के अनुसार, सुभाष नगर निवासी संजय निरंजन पुत्र गेंदन का महेशपुरा रोड पर मुर्गी पालन फार्म हाउस बना हुआ है। रविवार दोपहर करीब 1 बजे फार्म हाउस परिसर में अचानक एक कोबरा दिखाई दिया। कोबरा के फन फैलाकर बैठने से मौके पर मौजूद लोगों में डर के मारे भगदड़ मच गई। वहीं सांप पकड़ने में माहिर जगतराम वर्मा को मौके पर बुलाया गया। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। पकड़े गए कोबरा को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया ।लोगो का कहना है कि गर्मी बढ़ने के कारण सांप आबादी वाले इलाकों की ओर देखे जा रहे हैं जिससे लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

# मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में 149 मरीजों का हुआ उपचार

## लू तथा भीषण गर्मी के मौसम से बचाव के लिये सतर्क किया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की योजना के तहत रविवार को कालपी, बाबई, नियामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 149 मरीजों का उपचार करके लूं तथा गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।



रविवार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 54 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 23 पुरुष, 31 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 5 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 6- 6 मरीजों की जांच की गयी। राजकीय होम्योपैथी महिला चिकित्साधिकारी डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार करने के लिये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 22 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बाबई में 45 मरीजों का इलाज हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामतपुर में चिकित्साधिकारी डॉ आदर्श गौतम की अगुवाई में आयोजित मेले में कर्मचारियों के द्वारा 28 मरीजों का इलाज किया गया। मेलों में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसलिए सभी लोग दोपहर में सतर्कता बरतें तथा किसी प्रकार की बीमारी होने पर डॉक्टर की सलाह पर उपचार करें। बिना वजह दोपहर में घूमने से बचाव करें।

# झांसी के बाद क्या माधोगढ़ पर भी गिरेगी कानून की गाज? सट्टा कारोबार से युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय।** बुंदेलखंड में इन दिनों कानून का पहिया तेज़ी से घूमता नजर आ रहा है। झांसी में हाल ही में सट्टा कारोबार के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई ने न सिर्फ प्रशासनिक सख्ती का संकेत दिया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में हलचल भी मचा दी है। हाई-प्रोफाइल सट्टा नेटवर्क के खुलासे और एक चर्चित राजनीतिक चेहरे पर कार्रवाई के बाद अब निगाहें जालौन जिले के माधोगढ़ पर टिक गई हैं।




झांसी में हुई कार्रवाई के दौरान करोड़ों रुपये के सट्टा कनेक्शन सामने आने के बाद पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। इस कार्रवाई ने उन लोगों को भी बेनकाब किया है, जो लंबे समय से पर्दे के पीछे रहकर इस अवैध धंधे को संचालित कर रहे थे।

इधर, माधोगढ़ क्षेत्र के स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां भी सट्टा कारोबार वर्षों से जड़ें जमाए हुए है। आरोप है कि कुछ लोग खुलेआम इस धंधे को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे खासकर युवा पीढ़ी तेजी से इसकी चपेट में आ रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, छोटे स्तर से शुरू हुआ यह कारोबार अब बड़े नेटवर्क का रूप ले चुका है, जहां कुछ लोग अचानक आर्थिक रूप से मजबूत होते नजर आ रहे हैं। हालांकि, अब तक माधोगढ़ में कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता ही देखने को मिली है। ऐसे में झांसी की तर्ज पर यहां भी सख्त कदम उठाने की मांग जोर पकड़ रही है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस दिशा में ठोस कार्रवाई करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सट्टा जैसे अवैध कारोबार न केवल आर्थिक अपराध को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करते हैं। युवाओं को आसान पैसे का लालच देकर उन्हें गलत रास्ते पर धकेलना समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। झांसी की कार्रवाई के बाद अब यह देखना अहम होगा कि क्या प्रशासन माधोगढ़ समेत पूरे जालौन जिले में भी इसी तरह का अभियान चलाता है या नहीं। फिलहाल, क्षेत्रवासियों की नजरें प्रशासनिक कदमों पर टिकी हैं और वे सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं ।झांसी में शुरू हुई सख्ती ने एक स्पष्ट संदेश दिया है—कानून से ऊपर कोई नहीं। अब यदि यही रफ्तार बनी रही, तो बुंदेलखंड में अवैध सट्टा कारोबार पर लगाम लगना तय माना जा रहा है।

# खून बहाने आए थे जीजा-साले, युवती ने चाकू छीन दोनों को मार डाला; दिल्ली में बीच सड़क पर मौत का तांडव

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में शुक्रवार को पुरानी रंजिश में हुई चाकूबाजी में हमलावर जीजा और साले की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटना के दौरान एक युवती ने हमलावर का चाकू छीनकर पलटवार किया और अपने भतीजे के साथ मिलकर हमलावर पक्ष पर ही हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर हत्या और हत्या के प्रयास की धाराओं में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं।




पुलिस के अनुसार, जखीरा फ्लाईओवर के पास राखी मार्केट झुग्गी में रहने वाली 26 वर्षीय सबीना से इलाके का रहने वाला मंसूर उर्फ सन्नाटा शादी करना चाहता था। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। वर्ष 2017 में सबीना के पिता ने मंसूर के खिलाफ मारपीट और बंधक बनाने का मामला दर्ज कराया था, जबकि 2023 में खुद सबीना ने भी उसके खिलाफ केस दर्ज कराया था। इस मामले की अगली सुनवाई 5 मई को तय थी।

## कोर्ट में पेशी से रोकने को धमकाने आए थे मृतक

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर मंसूर अपने जीजा इम्तियाज, नाबालिग भाई और अन्य साथियों के साथ सबीना को धमकाने पहुंचा। रास्ते में उसने सबीना को रोककर अदालत में पेश न होने और शादी करने का दबाव बनाया। इनकार करने पर मंसूर ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। बचाव में सबीना ने उसका चाकू छीन लिया और पलटवार करते हुए मंसूर और इम्तियाज पर हमला कर दिया। शोर सुनकर दोनों पक्षों के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद जमकर चाकूबाजी हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को दीपचंद बंधु अस्पताल पहुंचाया। वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को दीपचंद बंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में मंसूर और इम्तियाज को एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया।

## मंसूर पर पहले से 10 आपराधिक मामले दर्ज

दोनों हमलावरों की इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर चारों ओर खून फैला हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत जुटाए और आसपास के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लिए हैं। पुलिस ने इस मामले में सबीना और उसके भांजे इबरार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे पक्ष के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मृतक मंसूर पर पहले से हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट समेत करीब 10 आपराधिक मामले दर्ज थे।

# 2 साल के बेटे की जिंदगी की खातिर मां ने दांव पर लगा दी अपनी इज्जत, दिल दहला देगी मुरादाबाद की कहानी

( यंग भारत न्यूज )

**मुरादाबाद।** प्रदेश के मुरादाबाद जिले से एक बेहद सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां नागफनी थाना क्षेत्र में दो युवकों पर एक महिला के घर में घुसकर लूटपाट करने और उसके साथ रेप करने का आरोप लगा है.इस वारदात में आरोपियों ने महिला के मासूम बच्चे को बंधक बनाकर उसे डराया-धमकाया. वहीं, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना 25 अप्रैल की रात करीब 11 बजे की है. उस समय महिला अपने दो साल के बच्चे के साथ घर में अकेली थी, जबकि उसका पति घर से बाहर गया हुआ था. इसी दौरान इलाके के रहने वाले कन्हैया और उसका साथी मोनू जबरन घर में घुस आए. महिला ने विरोध करने की



कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उसके मासूम बेटे की गर्दन पर चाकू रख दिया और जान से मारने की धमकी दी.

अपने बच्चे की जान बचाने के लिए महिला खामोश हो गई, जिसका फायदा उठाकर मुख्य आरोपी कन्हैया ने उसके साथ दुष्कर्म किया. इस दौरान उसका साथी मोनू बच्चे को बंधक बनाए खड़ा रहा, ताकि महिला कोई शोर न मचा सके. आरोपियों की हैवानियत यहीं नहीं रुकी, जाते-जाते वे घर में रखे करीब 15 हजार रुपये नकद और बच्चे के गले से सोने की चेन भी लूट ले गए. घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. मामला सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और तत्काल कार्रवाई शुरू की गई. थाना नागफनी में पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई. पुलिस ने आरोपी कन्हैया को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी कन्हैया पुत्र गंगाराम, नवाबपुरा क्षेत्र का निवासी है. उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. वहीं, दूसरा आरोपी मोनू अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपी को पकड़ने के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है और उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है. उन्होंने आश्वासन दिया कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा

# पैसे ले लो, पर हमें छोड़ दो... मंगेतर गिड़गिड़ाता रहा और दरिंदे उसकी आंखों के सामने लूटते रहे अस्मत

( यंग भारत न्यूज )

मंगेतर के सामने युवती से सामूहिक दुष्कर्म में एक ऐसा चश्मदीद सामने आया है, जिसने घटना के दिन अपनी आंखों से पूरा घटनाक्रम देखा था। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले करीब 58 वर्षीय किसान उस समय पास के खेत में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पीड़िता की चीख सुनकर वे मौके पर पहुंचे थे। चश्मदीद किसान के अनुसार, 24 अप्रैल की दोपहर जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि तीनों आरोपित पीड़िता के मंगेतर को पीट रहे थे और उसे धमकी दे रहे थे। उस समय पीड़िता अर्धनग्न अवस्था में थी और बदहवास होकर चीख रही थी। किसान ने बताया कि युवक आरोपितों के सामने गिड़गिड़ा रहा था और कह रहा था कि जो पैसे चाहिए ले लो, हमें जाने दो।



## किसान का बीच-बचाव

किसान ने बीच-बचाव करते हुए आरोपितों से उन्हें छोड़ने की अपील की, जिस पर आरोपितों ने शातिराना अंदाज में कहा, ठीक है, आप जाओ, हम इन्हें छोड़ देंगे। आरोपितों की बातों में आकर किसान वहां से लौट गए। इसके अगले दिन उन्हें कोतवाली बुलाया गया, जहां उन्होंने पुलिस को घटना की पूरी आपबीती बताई। सूत्रों के अनुसार, शुरुआती दौर में पुलिस किसान को तीसरा आरोपित मान रही थी, क्योंकि कोतवाली पहुंचे मंगेतर युगल ने आरोपितों की संख्या तीन बताई थी। हालांकि, बाद में पीड़ितों ने स्पष्ट किया कि यह किसान आरोपितों में शामिल नहीं हैं।

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

चश्मदीद किसान ने यह भी खुलासा किया कि जिस सुनसान स्थान पर यह वारदात हुई, वह लंबे समय से अनैतिक गतिविधियों का अड्डा बना हुआ है। उनका कहना है कि करीब एक साल पहले उन्होंने डायल 112 पर फोन कर इस स्थान की शिकायत की थी, लेकिन उन्हें कथित तौर पर यह कहकर टाल दिया गया था कि तुमसे क्या मतलब है, तुम्हें क्या परेशानी है ? इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## अनैतिक गतिविधियों का अड्डा


चश्मदीद के अनुसार, घटनास्थल पर आए दिन संदिग्ध जोड़ों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार वहां ऐसे दृश्य देखे गए, लेकिन पुलिस की नियमित पेट्रोलिंग न के बराबर रही। किसान ने बताया कि घटना के अगले दिन वह स्वयं कोतवाली गए और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी, जिस पर उनसे पूछताछ भी की गई।

# मेरी 10 साल की बेटी से संबंध बनाता था.', शादीशुदा गर्लफ्रेंड ने लिव-इन पार्टनर को मारी गोली, सुनाई दरिंदगी की दास्तां

( यंग भारत न्यूज )

**बिजनौर।** प्रदेश के बिजनौर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अपने लिव-इन पार्टनर की निरंतर प्रताड़ना और अश्लील हरकतों से तंग आकर एक महिला ने उसकी हत्या कर दी. पुलिस ने इस मामले में नेहा नाम (बदला हुआ नाम) की महिला को गिरफ्तार किया है.

29 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े आठ बजे, नगीना देहात थाने के अंतर्गत आने वाले जुलाहापुर गांव के जंगल में एक 26 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया था. मृतक की पहचान गांव के ही रहने वाले अनुज के रूप में हुई. अनुज के सिर पर गोली लगने का गहरा निशान था. ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की गहन तफ्तीश शुरू की.जांच के दौरान अनुज की मां ने पुलिस को बताया कि पिछले दो वर्षों से नेहा नाम की महिला अपनी बेटी के साथ



अनुज के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी. उन्होंने जानकारी दी कि 28 अप्रैल की शाम अनुज और नेहा बाइक पर सवार होकर कहीं गए थे. रात को नेहा तो घर लौट आई, लेकिन अनुज वापस नहीं आया. अगली सुबह उसकी लाश गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में मिली. इसी बयान के आधार पर पुलिस ने शोभा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की.

## प्रताड़ना की खौफनाक कहानी

पुलिस पूछताछ में नेहा ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए एक दर्दनाक दास्तां सुनाई. नेहा ने बताया कि साल 2011 में उसकी शादी सतेंद्र से हुई थी, जिससे उसकी एक बेटी है. आपसी मतभेदों के कारण वह 2024 में पति से अलग हो गई और नजीबाबाद में रहने लगी, जहां उसकी मुलाकात अनुज से हुई. जल्द ही दोनों लिव-इन में रहने लगे, लेकिन अनुज का व्यवहार धीरे-धीरे हिंसक और अनैतिक होता गया.

## यूपी के इस सास-दामाद ने कर रखा पूरे परिवार की नाम में दम, 12 साल पहले भागे थे अब दोबारा किया कांड

नेहा का आरोप है कि अनुज उसकी 10 साल की बेटी के सामने ही जबरन संबंध बनाता था और बेटी के साथ भी अश्लील हरकतें करता था. हद तो तब हो गई जब अनुज ने नेहा की छोटी बहन के साथ भी दुष्कर्म का प्रयास किया, जिसके चलते वह जेल भी जा चुका था. इसके अलावा, अनुज ने नेहा की अश्लील वीडियो बना ली थी और उसे अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था.

## हत्या की साजिश और गिरफ्तारी

इन हरकतों से तंग आकर नेहा ने अनुज को रास्ते से हटाने का फैसला किया. 28 अप्रैल की शाम दोनों बाजार गए, जहां उन्होंने शराब पी और खाना खाया. वापसी के समय जब अनुज नशे में था, तो नेहा ने चालाकी से उसकी कमर में लगा 315 बोर का तमंचा निकाल लिया. जंगल के पास टॉयलेट के बहाने बाइक रुकवाकर नेहा ने अनुज की कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी. वारदात के बाद वह चुपचाप घर लौट आई. बिजनौर के एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बताया कि नेहा से हत्या में प्रयोग किया गया 315 बोर का तमंचा और खोखा बरामद कर लिया गया है. नेहा ने पुलिस को बताया कि वह अनुज को मारकर खुद भी आत्महत्या करना चाहती थी, मगर अपनी बेटी के भविष्य की चिंता के कारण उसने यह कदम नहीं उठाया.

# तिरुपति लड्डू मामला: टीटीडी ने बिना क्वालिटी चेक के खरीदा 70 लाख किलो घी, कमेटी की रिपोर्ट में खुलासा

( यंग भारत न्यूज )

**आंधप्रदेश।** आंध्र प्रदेश में तिरुपति मंदिर के लड्डू को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है. सरकार की तरफ से बनाई गई एक सदस्यीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने लड्डू बनाने के लिए 70 लाख किलो से ज्यादा घी खरीदा, लेकिन इसमें जरूरी गुणवत्ता जांच नहीं की गई.

रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत में अधिकारियों ने यह तय किया था कि घी की जांच के लिए स्नस्स्ढ्ढ का जरूरी ?-सिटोस्टेरॉल टेस्ट किया जाएगा, जो 1 जुलाई 2022 से अनिवार्य है. लेकिन बाद में इस फैसले को बदल दिया गया



और सप्लायर को बिना इस जांच के ही घी सप्लाई करने की छूट दे दी गई. इसका नतीजा यह हुआ कि बड़ी मात्रा में घी बिना सही जांच के खरीदा गया. जांच में यह भी सामने आया कि सिस्टम की कमजोरियों का फायदा उठाकर सप्लायर ने मिलावटी घी की सप्लाई की. अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने जरूरी सेफ्टी टेस्ट को नजरअंदाज किया और ऐसी लैब रिपोर्ट को दबा दिया जिसमें घी में मिलावट की पुष्टि हुई थी. रिपोर्ट में बताया गया है कि खरीद प्रक्रिया में भी कई गड़बड़ियां हुईं. टेंडर के नियमों को ठीक से लागू नहीं किया गया और धीरे-धीरे गुणवत्ता जांच से जुड़े जरूरी नियम हटा दिए गए. खरीद समिति के कुछ सदस्यों ने पूरी मंजूरी के बिना ही नियमों में ढील दे दी. इसके अलावा, बहुत कम कीमत वाली बोलियों को बिना ठीक से जांचे किए बिना रख लिया गया जांच में यह भी पाया गया कि 2019 में बनाए गए सख्त नियमों को कुछ ही महीनों में कमजोर कर दिया गया. इससे ऐसी कंपनियों को भी घी सप्लाई करने का मौका मिल गया, जिनकी उत्पादन क्षमता सही तरीके से साबित नहीं हुई थी. फिर भी इन कंपनियों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ सप्लायर ने घी की कीमत में प्रति किलो 207 रुपये तक की भारी कटौती की और नीलामी के बाद भी दाम को लेकर बातचीत की, जो नियमों के खिलाफ है. सबसे कम बोली (रु) पर ज्यादा भरोसा करने की वजह से कई अयोग्य कंपनियों को भी ठेका मिल गया.

**टीटीडी की लैब में घी मिलावट की जांच**

एक और बड़ी कमी यह सामने आई कि टीटीडी की लैब में घी की मिलावट जांचने के लिए जरूरी आधुनिक उपकरण नहीं थे. लैब को अपग्रेड करने की जरूरत लंबे समय से थी, लेकिन इसमें करीब तीन साल की देरी हुई. रिपोर्ट में कुछ कंपनियों के नाम भी सामने आए हैं. इनमें प्रीमियर एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को मिलावट की पुष्टि होने के बाद भी नए ऑर्डर दिए जाते रहे. वहीं एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप है कि उसने गलत उत्पादन और सर्टिफिकेट से जुड़ी जानकारी दी, फिर भी उसे सप्लाई चेन में बने रहने दिया गया.

# *रिश्तों की आड़ में दरिंदगी! आरोपी ने वीडियो-फोटो के नाम पर किया ब्लैकमेल... छात्रा ने एसिड पीकर की आत्महत्या*

*( यंग भारत न्यूज )*

***महाराष्ट्र।*** *महाराष्ट्र से एक बेहद शर्मनाक और घिनौनी घटना सामने आई है, जहां एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा को रिश्तेदार युवक ने बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में ब्लैकमेल कर बार-बार अत्याचार किया.इस शारीरिक उत्पीड़न से परेशान होकर छात्रा ने एसिड पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की. फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.*



*बताया जा रहा है कि पीड़िता के पिता का पहले ही देहांत हो चुका है और उसकी मां कड़ी मेहनत करके उसे पढ़ा रही थी. इसी बीच आरोपी युवक ने शुरुआत में मीठी-मीठी बातें करके उसे अपने जाल में फंसाया और फिर ब्लैकमेल और धमकियों के जरिए बार-बार उसके साथ शोषण करता रहा. 8 अप्रैल को परीक्षा के आखिरी पेपर से पहले उसके अत्याचारों से तंग आकर छात्रा ने बाथरूम में रखा एसिड पी लिया, जिसके बाद उसे अस्पताल में तुरंत भर्ती कराया गया.*

***मीठी बातों में फंसाकर महाबलेश्वर ले गया***

*जानकारी के मुताबिक, 14 सितंबर 2025 को पीड़िता इंदापुर जाने के लिए बस स्टॉप पर सुबह 10 बजे खड़ी थी, तभी आरोपी आतिश पांडुरंग तवटे वहां आया. उसने उसे कॉलेज छोड़ने की बात कहकर अपनी कार में बैठा लिया. गाड़ी में बैठने के बाद आरोपी ने पीड़िता से मीठी-मीठी बातें करके घूमने चलने को कहा और महाबलेश्वर के एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ जबरन शोषण किया. इसके बाद आरोपी ने किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी और दूसरे दिन उसे कॉलेज छोड़ दिया. इतना ही नहीं अक्टूबर 2025 को आरोपी ने फिर वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा अत्याचार किया. इसके बाद लगातार ब्लैकमेल कर उसे मिलने के लिए मजबूर करता रहा.*

***इलाज के लिए दर-दर भटक रहा परिवार***

*घटना के बाद पीड़िता को पहले पंढरपुर, फिर पुणे और सोलापुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला. परिवार के अनुसार, इलाज में अब तक का 3-4 लाख खर्च हो चुका है और अब पैसे नहीं होने के कारण उसे करकंब के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एसिड पीने की वजह से पीड़िता कई दिनों तक बोल भी नहीं पा रही थी और अभी भी उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है.केस दर्ज, फिर भी आरोपी फरार 11 अप्रैल को पीड़िता की मां ने करकंब पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था. इसके बावजूद एक महीने बाद भी आरोपी खुलेआम घूमते हुए देखा गया है, जिसके बाद परिवार में गुस्से का माहौल है. परिजनों का आरोप है कि आरोपी आतिश तवटे शादीशुदा है और वह दुबई में सोने का कारोबार करता है. परिवार वालों ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए.*

# नए मटके में पानी भरने की ये 5 ट्रिक्स नहीं जानते? तभी नहीं मिलता ठंडा पानी

( यंग भारत न्यूज )

गर्मी का मौसम आते ही ठंडा पानी पीने की इच्छा बढ़ जाती है। ऐसे में लोग फ्रिज में पानी की बोतलें भरकर रखने लगते हैं। कई लोगों को बेहद ठंडा पानी पीने की आदत होती है, इसलिए वे सिर्फ फ्रिज का पानी ही नहीं बल्कि उसमें बर्फ भी मिलाकर पीते हैं।

हालांकि यह पानी पीने में भले ही ताजगी देता हो, लेकिन बहुत अधिक ठंडा पानी सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में मिट्टी का मटका एक बेहतरीन विकल्प साबित होता है। मटके का पानी पीने का अनुभव ही अलग होता है, इसकी सोंधी खुशबू मन को ताजगी और सुकून देती है और प्यास भी अच्छी तरह शांत होती है। लेकिन कई लोग यह शिकायत करते हैं कि नया मटका लेने के बाद भी पानी पर्याप्त ठंडा नहीं होता या उसमें से हल्की बदबू आने लगती है। इसलिए जरूरी है कि मटके का सही तरीके से उपयोग किया जाए। हम आपको कुछ आसान उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर ही नए मटके में पानी भरना बेहतर रहेगा।



सबसे पहले मटके को भिगोना जरूरी कुछ लोग नया मटका लेकर आते हैं और उसे धुलकर तुरंत पानी भर देते हैं। यह सही तरीका ये है कि उसे लाने के बाद तुरंत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मटके को पानी से पूरा भरा रहने दें या किसी बड़े बर्तन में डुबोकर 24 घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इससे मटके की मिट्टी पानी को अच्छे से सोख लेती है और अंदर की धूल भी आसानी से निकाल जाती है। यदि आप ऐसा बिल्कुल नहीं करेंगी, तो पानी का स्वाद आपको कच्चा लग सकता है।

**साबुन या डिटर्जेंट से न धोएं**

कई लोग अक्सर मटका साफ करने के लिए बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपके पूरे मटके का स्वाद ही बिगड़ जाता है। बता दें कि, मटका मिट्टी का होता है, जो केमिकल को एब्जॉर्ब कर लेता है। इससे पानी में बदबू और खराब स्वाद आ सकता है।

**इस तरह से करें सफाई**

मटके को साफ करना का सही तरीका है कि, थोड़ा नमक, बेकिंग सोडा और नींबू का रस मिलाकर घोल बना लें। अब इसे मटके के अंदर डालकर इसको हल्का सा हिलाएं, ताकि ये घोल पूरे मटके में अच्छे से लग जाए। अब 3-4 मिनट के बाद साफ पानी से मटके धो दें। इससे मटका अंदर से साफ हो जाएगा और कोई भी गंध नहीं आएगी।

**मटके में न डालें बर्फ**

कुछ लोग जल्दी ठंडा पानी पाने के लिए पानी भरते समय उसमें बर्फ डाल देते हैं। इससे आपका मटका सही तरीके से पानी को ठंडा नहीं करेगा। असल में मटके का पानी नेचुरल तरीके से ठंडा होता है, जिसमें थोड़ा समय लगता है।

**मटका रखने का सही तरीका भी जानें**

अगर आप मटका को सही ढंग से रखते हैं, तो इससे पानी की ठंडक पर ज्यादा असर नहीं पड़ता है। कई लोग मटके को सीधे जमीन पर रख देते हैं, जो कि एक गलत तरीका है। मटके को हमेशा किसी स्टैंड पर ही रखना चाहिए। आप इसके ऊपर गीला सूती कपड़ा लपेट सकते हैं। आप चाहे तो नीचे थोड़ी गीली रेत रखकर उस पर मटका रख सकते हैं। इससे मटका जल्दी ठंडा हो जाएगा और पानी भी ज्याद ठंडा रहेगा।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- मटके को हर हफ्ते में एक बार जरुर साफ करना चाहिए।
- ढक्कन हमेशा लगाकर रखें।
- मटके को ऐसी जगह पर रखें, जहां हवा आती हो।

# आईपीएल सट्टेबाजी पर पुलिस का बड़ा प्रहार, दो शातिर गिरफ्तार, लाखों की नकदी व डिजिटल ट्रांजेक्शन का खुलासा

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी:** झांसी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत थाना प्रेमनगर पुलिस ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी के अवैध कारोबार पर बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 03 मई 2026 को मिली सटीक मुखबिर सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने राहुल गौतम (उम्र करीब 32 वर्ष) निवासी नेनागढ़ नगर थाना प्रेमनगर तथा जयपाल राजपूत (उम्र करीब 33 वर्ष) निवासी अठोंदना थाना रक्सा को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कुल 2,80,000 रुपये नगद, एक सफेद रंग का आईफोन तथा एक सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया गया है, जिनका उपयोग ऑनलाइन सट्टेबाजी के



संचालन में किया जा रहा था। पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी TEX~~.CO/MAIN/LEDGER ß agent.te&~~.co जैसी वेबसाइटों के माध्यम से आईपीएल मैचों पर बड़े स्तर पर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते थे और स्वयं भी इसमें सक्रिय रूप से शामिल रहते थे। आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच में सट्टेबाजी से जुड़े बड़े पैमाने पर डिजिटल ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं, वहीं उनके वॉलेट में करीब 44,66,059 रुपये के चिप्स/कॉइन्स दर्ज पाए गए, जो इस अवैध कारोबार के व्यापक नेटवर्क की ओर इशारा करते हैं। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय होकर लोगों को लालच देकर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा था। इस मामले में थाना प्रेमनगर पर मुकदमा अपराध संख्या 170/2026 के तहत धारा 13 जुआ अधिनियम व 112(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों, फाइनेंशियल लिंक और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की गहन जांच में जुट गई है, जिससे पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके। इस प्रभावी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक तुलसीराम पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संत प्रकाश त्रिपाठी (चौकी प्रभारी नेनागढ़), उपनिरीक्षक शमशुल हसन, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल मुकेश कुमार व रिक्रूट आरक्षी दीप की अहम भूमिका रही। झांसी पुलिस की इस कड़ी कार्रवाई से ऑनलाइन सट्टेबाजी के अवैध धंधे में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है और स्पष्ट संदेश गया है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# भजन संध्या में देर रात तक श्रोता झूमते रहे

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** मुहल्ला धनाई में खेर इण्टर कॉलेज बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता के आवास पर राधेश्याम म्यूजिकल ग्रुप झांसी के कलाकारों द्वारा आयोजित भजन संध्या में श्रोता देर रात तक झूमते रहे।




म्युजिकल ग्रुप की संयोजिका श्यामा भारद्वाज द्वारा गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इसके बाद मुख्य गायिका पिंकी झांसी ने अपने गायन में श्रोताओं को बांधे रखा।उन्होंने बुन्देली गीत एवं फिल्मी गीतों के साथ पारंपरिक गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।वहीं कैलाश प्रकाश गुप्ता द्वारा भजन मिश्री से मीठो नाम हमारी राधा रानी को प्रस्तुति देकर भाव विभोर किया। सितारवादक पं सरजू शरण पाठक द्वारा बधाई गीत लला पे टोना जिन कोउ डारो की प्रस्तुति दी गई।इसके अलावा दीप शिखा गुप्ता,मुन्नी व्यास,विपिन कुमार गुप्ता आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी। ऑर्गन पर अमर सिंह,ढोलक पर नरेंद्र कुमार,झींका पर बसन्त कुमार ने संगत की। अंत मे यश गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,पूर्व प्रवक्ता शिवकुमार तिवारी,मेजर अखिलेश पिपरैया, राजीव गुप्ता,नितिन गुप्ता, बंशिका गुप्ता, कल्पना गुप्ता, राघवेंद्र राजपूत, पत्रकार अरुण चतुर्वेदी, अखिलेश तिवारी,अंकित सेंगर,अर्चना मोदी,दीपा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# चाहितारा में हर घर जल योजना के तहत हर घर तक नहीं पहुंच रहा पीने का पानी

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** ब्लॉक बड़ोखर खुर्द के ग्राम पंचायत चाहितारा में नमामि गंगे हर घर जल योजना के तहत हर घर जल तो नहीं पहुंच रहा रास्ता का बुरा हाल है। जहां कहीं भी पाइप लीकेज है हजारों लीटर पानी बह रहा है कई बार शिकायत करने पर भी कोई सुधार नहीं हो रहा है रास्ता में पानी भरा रहता है जिससे आम जनमानस को आवा गमन में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि हर घर जल योजना एक योजना ही बनकर रह गई जिसमें लोगों को लाभ तो नहीं मिल पा रहा ग्राम पंचायत चाहितारा के युवा समाजसेवी अरुण गुप्ता ने आरोप लगाते हुए बताया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।



# भाजपा के सोशल मीडिया और आईटी संयोजक हुए घोषित

## चेतन ओझा को सोशल मीडिया की कमान

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष सुधीर की संस्तुति पर भाजपा झांसी महानगर के सोशल मीडिया संयोजक एवं आईटी के संयोजक एवं सहसंयोजक के रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई।



जिसमें भाजयुमो के तेजतर्रार ,साफ स्वच्छ ईमानदार छवि रखने वाले भाजपा के फ्रंट लाइन वर्कर एवं युवाओं में लोकप्रिय चेतन ओझा बड़ागांव को डिजिटल प्रचार की कमान सौंपी गई अब वह भाजपा के लिए आगामी चुनावों में डिजिटल प्रचार की जिम्मेवारी संभालेंगे। इसके अलावा जिला आईटी संयोजक झांसी महानगर हेमंत पांचाल एवं आईटी जिला सहसंयोजक वीरेंद्र चौहान निवासी आरामशीन बने। इस अवसर पर पर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने सभी नवनियुक्त संयोजकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# जीवात्मा एवं परमात्मा का मिलन है महारास-स्वामी रामकृष्ण

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम अचौसा में चल रही भागवत कथा का के छठवें दिन कथा व्यास स्वामी रामकृष्ण बाल व्यास ने कहा भगवान की दिव्य रास लीला साधारण स्त्री पुरुष का मिलन नहीं है यह जीवात्मा एवं परमात्मा के मिलन की लीला है।



समस्त गोपियां दिव्य आत्मायें है जो निरंतर कृष्ण रस प्राप्त करने को तपस्या करतीं थीं,वही निर्गुण ब्रम्ह सगुण साकार बनकर ब्रज में अवतरित हुआ और अपने रस स्वरूप दिव्य स्वरूप का रसास्वादन गोपियों को कराया यही महारास है। संगीतमय कथा में ऑर्गन पर सतीश पटेल, ढोलक पर स्वदेश परिहार,पैड पर प्रियांश राव संगत कर रहे है। कथा की आरती परीक्षित राजकुमारी देवी राकेश पटेल ने की। इस मौके पर शांति आश्रम गौरैया मंदिर अचौसा के महंत भज्जू महाराज , दीपेंद्र पटेल, रूपेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल दाऊ,नरेंद्र पटेल, राजू पटेल , दुर्गा पटेल, महीपत पटेल,मलखान पटेल , उमाशंकर पटेल , ध्रुव पटेल ,दीपक, दिनेश, रामजी, धीरज, सतीश यादव, वेद पाठी आचार्य अस्वनी रामायणी आदि उपस्थित रहे।

# गौरी फाउंडेशन के द्वारा पुलिस लाइन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** गौरी फाउंडेशन ने पुलिस लाइन में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जहाँ पुलिसकर्मियों, कर्मचारियों और जमीनी कर्मचारियों की निःशुल्क रक्तचाप, शर्करा और बीएमआई तथा कोलेस्ट्रॉल की जाँच की गई। वामा वेलनेस कैंप के अंतर्गत आयोजित इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य जीवन में स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना था। डॉ. धीरज अग्रवाल और विकास द्विवेदी ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों की जाँच की। शिविर में आर आई पन्नालाल मौर्य, एसआई राजू सिंह जी, श्यामनाथ सिंह जी, गौरी फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, सुनील महेश और अन्य उपस्थित थे। गौरी फाउंडेशन नियमित रूप से निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता है।




# घरेलू कलह के चलते पति-पत्नी ने अलग-अलग कमरों में फांसी लगाकर की जांन

( यंग भारत न्यूज )

**तिंदवारी/बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र अंतर्गत अमली कौर गांव के भगदौरा पुरवा निवासी 28 वर्षीय लल्लू निषाद व उसकी पत्नी 24 वर्षीय गोमती ने शनिवार की रात अलग-अलग कमरों में पति लल्लू ने छप्पर की धन्नी से रस्सी का फंदा डालकर व पत्नी गोमती ने साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया घटना के समय दिवंगत लल्लू का पुत्र ढाई वर्षीय किस्सू 4 वर्षीय अनुष्का ने फांसी लगाए जाने को लेकर देखा रोने की आवाज आने पर पड़ोसियों के पहुंचने पर पड़ोसियों द्वारा परिजनों को सूचना दी गई वहीं दिवंगत लल्लू के भाई बृजमोहन ने बताया कि मेरा भाई लल्लू चार बीघा जमीन बटाई पर लिए था और अपना गुजर बसर कर रहा था मेरा भाई शराब का आदी था आए दिन झगड़ा फसाद करता था वही पड़ोसियों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी तिंदवारी संदीप सिंह ने घटना का निरीक्षण कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सी ओ सदर सौरभ सिंह व फारेसिंक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किया ।वहीं थाना प्रभारी तिंदवारी ने बताया कि 28 वर्षीय युवक लल्लू निषाद शराब का आदी था 7 साल पहले प्रेम विवाह किया था नशे की लत से घरेलू कलह चलते लल्लू निषाद व उसकी पत्नी गोमती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।



# उप मुख्य अभियन्ता टी0एम0सी0 लाइन ने मुख्य कार्यालय अधीक्षक को किया निलंबित

## -अधिकारी की शिकायत करना पड़ा महंगा, उच्चाधिकारियों को लिखा पत्र

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उमरे के झांसी मंडल मुख्यालय में उप मुख्य अभियन्ता टी0एम0सी0 लाइन झांसी के विरूद्ध शिकायत करना उनके ही मुख्य कार्यालय अधीक्षक को महंगा पड़ा। जब वह शिकायत की जॉच हेतु प्रयागराज मुख्यालय से जॉच अधिकारी के निर्देश पर 22 अप्रैल 26 को महावीर प्रसाद कुशवाहा उप मुख्य अभियन्ता टी0एम0सी0 लाइन के चेम्बर में पहुँचा और अपनी समस्या को उनके समक्ष रखने का प्रयास किया, किंतु सुनवाई नहीं होने पर विवाद बढ़ गया और पुलिस पहुंच गई। इसके बाद मुख्य कार्यालय अधीक्षक को निलम्बित कर दिया गया। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार की गई है।झीलें और नदियां




सीपरी बाजार के प्रेमगंज निवासी हुकुम चन्द कनौजिया ने एसएसपी व रेलवे के उच्च अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मुख्य कार्यालय अधीक्षक मुख्यालय झाँसी (ट्रैक मशीन डिपो) के रूप में उ0म0 रेलवे झांसी में कार्यरत है। उसके द्वारा पूर्व में महावीर प्रसाद कुशवाहा उप मुख्य अभियन्ता टी0एम0सी0 लाइन झांसी के विरूद्ध शिकायत की गयी थी जिसकी जॉच हेतु प्रयागराज मुख्यालय से जॉच अधिकारी झांसी आए थे। 22 अप्रैल 26 को लगभग 03:45 बजे, जॉच अधिकारी के निदेर्शानुसार हुकुम चन्द जब महावीर प्रसाद कुशवाहा के चेम्बर में पहुँचा और अपनी समस्या को उनके समक्ष रखने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने उसकी बात सुनने के बजाय अत्यन्त अनुचित एवं अपमान जनक व्यवहार किया उन्होने प्रार्थी को अपने कक्ष से बाहर जाने को कहा। हुकुम चन्द ने बताया कि बार-बार निवेदन करने पर भी समस्या सुनने के बजाय उन्होंने आक्रमक रवैया अपनाते हुये उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। कॉलर पकड़कर मारपीट की तथा जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करते हुये जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के पश्चात स्थिति बिगडने एवं बचाव-बचाव चिल्लाने पर बाहर कार्यालय में उपस्थित अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर उसको बचाया। तत्पश्चात हुकुम चन्द द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गयी। इस पर शिकायत सं0 220,426, 185, 62 के अन्तर्गत पुलिस मौके पर पहुँची परन्तु कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी। उक्त घटना के पश्चात महावीर प्रसाद कुशवाहा ने अपने पद कर दुरूपयोग करते हुये उसके विरुद्ध अनुचित प्रशासनिक कार्यवाही करते हुये तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। हुकुम चन्द ने मांग की है कि उपरोक्त तथ्यों के आधार पर आरोपी महावीर प्रसाद कुशवाहा उप मुख्य अभियन्ता/टी0एम0सी0/ लाईन झाँसी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं (विशेषतः एस0सी0 एस0टी0 एक्ट एवं अन्य लागू धाराओं) में तत्काल मुकदमा दर्ज कर विधिं सम्मत कार्यवाही करने की कृपा करें। इस घटनाक्रम की जानकारी पीड़ित हुकुम चन्द द्वारा चैयरमेन रेलवे बोर्ड नई दिल्ली, अध्यक्ष महोदय अनुसूचित जाति आयोग नई दिल्ली, प्रधान मुख्य अभियन्ता उ0म0 रेलवे प्रयागराज, मुख्य अभियन्ता (टी0एम0सी0) प्रयागराज, थानाध्यक्ष नवावाद झांसी।

# पीडब्ल्यूडी हेल्पर की बाथरूम में न्यूड लाश मिली

**झांसी।** झांसी में पीडब्ल्यूडी के हेल्पर की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घर के अंदर बाथरूम में उनकी न्यूड लाश मिली है। पत्नी और बच्चे गांव गए थे, वह घर पर अकेले थे। 2 दिन से जब रामप्रकाश उर्फ पप्पू (59) घर से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाया।

इसके बाद पुलिस गेट तोड़कर घर के अंदर पहुंची तो न्यूड अवस्था में लाश पड़ी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला नवाबाद थाना क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी का है। रामप्रकाश बांदा के जोरावर गांव के रहने वाले थे। उनके भाई प्रेमप्रकाश ने बताया- रामप्रकाश पीडब्ल्यूडी में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे। फिलहाल उनकी पोस्टिंग झांसी में थी। यहां वह पत्नी तिजिया और 4 बच्चों के साथ पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में रहते थे। पिछले दिनों वह पत्नी और बच्चों के साथ गांव गए थे। वहां से 5 दिन पहले अकेले झांसी आ गए थे। पीडब्ल्यूडी चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रयाग नारायण सविता ने बताया- 2 दिन से रामप्रकाश घर से बाहर नहीं निकले। पड़ोसियों ने शनिवार शाम को फोन किया तो हम लोग घर पहुंचे। गेट अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर कोई जबाव नहीं मिला। शक होने पर हम लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस के आने पर दरवाजा तोड़ा गया, तब बाथरूम के अंदर रामप्रकाश की न्यूड लाश पड़ी थी। बदन पर कोई कपड़ा नहीं था। मौत की सूचना पर परिजन झांसी पहुंच गए। रामप्रकाश की मौत के बाद घर में मातम छाया है। उनका जनवरी 2027 में रिटायरमेंट था। उनकी बड़ी बेटी उमा की शादी हो चुकी है।

# बाइक व ई रिक्शा की टक्कर से चार लोग गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू/बाँदा।** मरका थाना क्षेत्र के इंगुवारी मोड़ के पास बाइक व ई रिक्शा की टक्कर से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए , जिनको डायल 112 पीआरबी पुलिस ने सीएचसी बबेरू मे भर्ती कराया, जहाँ पर डॉक्टर द्वारा उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया हैं।बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मरका थाना क्षेत्र के इंगुवारी मोड़ के पास रविवार को बाइक सवार व ई रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार विकास पुत्र महेश उम्र 22 वर्ष निवासी कटरा, थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर, राजेश पुत्र कल्लू उम्र 25 वर्ष, पूजा पत्नी राजेश उम्र 20 वर्ष, निवासी सातो पलिया थाना असोथर, जनपद फतेहपुर व ई रिक्शा सवार अभिषेक सिंह पुत्र अवधेश सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मर्का यह चारो घायल हो गए, राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पीआरबी पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत देखते हुए चारों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718